पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ० प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने पुस्तक ''पर्यावरण और प्रौद्योगिकीः नए क्षितिज'' का विमोचन किया

लखनऊ : 04 मई, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में विशेष सचिव, नगर विकास विभाग डॉ0 दीपक कोहली की पुस्तक "पर्यावरण और प्रौद्यौगिकीः नये क्षितिज" का लोकार्पण किया।

पुस्तक के लेखक डॉ. दीपक कोहली ने बताया कि पुस्तक में पर्यावरणीय स्वास्थ्य हेतु प्राकृतिक खेती, पर्यावरण अनुकूल कार्बन फार्मिंग, बहुआयामी जलवायु संकट, जैव ईंधन और हरित बॉण्ड जैसे समसामयिक विषयों पर सहजता से लेखन कार्य के साथ-साथ कृषि प्रौद्यौगिकी, स्वच्छ तकनीक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, डिजी यात्रा, साइबर जागरूकता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी के नये आयामों को उजागर करने वाले लेखों का समावेश है।

इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ0 पंकज प्रसून, डॉ0 रजनीश चतुर्वेदी तथा श्री अभिनव कोहली, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, कॉग्निजेंट इंटरनेशनल उपस्थित थे।

कृष्ण कुमार-सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र-9454468250